मानसून | सावन के पहले दिन ही हुई झमाझम बारिश, नालियों ओवर फ्लो, मेयर ने किया निरीक्षण

# ये तो सिर्फ झांकी है, पूरी बरसात अभी बाकी है

**नवभारत, कटनी।** जिले में शुक्रवार को सावन की शुरूआत होते ही झमाझम बारिश का दौर शुरू हो गया है। दोपहर में तेज बारिश के कारण शहर के कई निचले क्षेत्रों में जलभराव की स्थिति बनी। नालियां ओवर फ्लो हो गई और शहर की कई सड़कों में पानी भर गया है। दोपहर करीब एक बजे से शुरू हुई झमाझम बारिश करीब आधे घंटे तक होती रही। इसके बाद रूक-रूक कर तो कभी तेज बारिश का दौर दिन भर जारी रहा है।

बारिश के कारण शहर के कुछ क्षेत्रों में हुए जलभराव की समस्या के निराकरण के लिए नगर निगम की टीम एलर्ट नजर आई। लाल बहादुर शास्त्री वार्ड स्थित साईं मंदिर के बाजू सहित माधवनगर स्थित समदड़िया कॉलोनी के नालों के जाम होने के कारण जलभराव की समस्या का बरसते पानी में महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी द्वारा जायजा लेते हुए सुगम जल निकासी की व्यवस्था मुहैया करवाई गई। महापौर द्वारा बाल गंगाधर तिलक वार्ड साईं मंदिर के बाजू स्थित गली नंबर सात में अंबे किराना, पतंजलि स्टोर, साईं राम किराना स्टोर्स के आगे सार्वजनिक मार्ग में जलभराव की प्राप्त शिकायत को तत्काल संज्ञान में लेते हुए क्षेत्रीय नागरिकों के साथ मौका स्थल का निरीक्षण किया गया।



निरीक्षण के दौरान अवरोधों के कारण जलभराव की स्थित निर्मित होना पाए जाने पर सुगम आवागमन को दृष्टिगत रखते हुए महापौर ने स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों को तत्काल जल निकासी की व्यवस्था मुहैया कराने के निर्देश दिए। जिसके बाद नगर निगम के अधिकारियों द्वारा तत्काल जेसीबी मशीन के माध्यम से मार्ग के किनारे कच्ची नालियों का गहरीकरण, वर्षा जल निकासी के अवरोधों को दूर करते हुए सुगम जल निकासी की सुविधा मुहैया कराई गई। इसी तरह माधवनगर स्थित समदड़िया कॉलोनी में जलभराव की समस्या की जानकारी प्राप्त होते ही महापौर द्वारा स्थानीय पार्षद ईश्वर बहरानी के साथ स्थल का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान स्थानीय नागरिकों से संवाद के दौरान बताया गया कि अतिवर्षा के दौरान झाड़ियों के कचरा नालों मे फंसने से जाम की स्थिति निर्मित होने के कारण जलभराव की स्थिति निर्मित होती है। जिस पर महापौर ने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों दोबारा नालों के सफाई कराने के निर्देश दिए।

# एसआईटी करेगी चंचलानी हत्याकांड की जांच

**माधवनगर के कारोबारी पर मास्टर मांइड होने का आरोप**



**नवभारत कटनी।** माधवनगर थाना अंतर्गत क्षेत्र में 20 जून की रात एक युवक पर किए गए जानलेवा हमले और इलाज के दौरान उसकी मौत होने के ममले की जांच के लिए एसआईटी का गठन किया गया है। साथ ही माधवनगर थाना प्रभारी अभिषेक चौबे को इस मामले की जांच से हटा दिया गया है। एसआईटी का गठन और जांच से माधवनगर थाना प्रभारी अभिषेक चौबे को हटाने की कार्रवाई मृतक युवक के परिजनों द्वारा की गई शिकायत के बाद की गई है। मृतक की बहन ने एसपी से शिकायत कर आरोप लगाया था कि हत्याकांड का मास्टर माइंड माधवनगर के कारोबारी प्रकाश आहूजा हैं और थाना प्रभारी अभिषेक चौबे निष्पक्ष जांच नहीं कर रहे हैं। जिसके बाद एसपी ने एसआईटी का गठन करने के साथ ही थाना प्रभारी अभिषेक चौबे को मामले की जांच से हटा दिया है। एसआईटी का गठन नगर पुलिस अधीक्षक नेहा पच्चीसिया के नेतृत्व में किया गया है। पुलिस ने बताया कि माधवनगर थाना अंतर्गत मानसरोवर कॉलोनी निवासी रोहित चंचलानी (28) से 20 जून की रात दीपक मोटवानी, मोहित धामेचा, मुकेश अडवानी और आकाश पोपटानी ने मारपीट करते हुए जानलेवा हमला किया था। हमले में गंभीर रूप से घायल रोहित को इलाज के लिए जबलपुर में भर्ती कराया गया। जहां इलाज के दौरान 21 जून की सुबह उसकी मौत हो गई। जिसके बाद जबलपुर से मृतक का शव लाकर परिजनों ने माधवनगर में प्रदर्शन किया था। पुलिस ने इस ममाले में हत्या का मामला दर्ज कर विवेचना कर रही है। पुलिस ने चारों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। इसी मामले में मृतक के परिजनों ने माधवनगर निवासी व्यवसायी प्रकाश आहूजा पर हत्या में शामिल होने का आरोप लगाते हुए पुलिस का शिकायत आवेदन दिया है। जिसकी जांच भी पुलिस द्वारा की जा रही है। शिकायत के बाद व्यवसायी प्रकाश आहूजा को पुलिस ने नोटिस दिया था। जिसके बाद व्यवसायी के बयान दर्ज किए गए हैं।

## एक नजर में

### बैठक में अनुपस्थित अधिकारी कर्मचारियों को नोटिस

**नवभारत, बरही।** नगर निगम कार्यालय में शुक्रवार को आयोजित की गई सीएम हेल्पलाईन, बाढ़ आपदा, ई-केवायसी सहित अन्य विषयों की समीक्षा बैठक में अनुपस्थित रहने वाले और देरी से आने वाले पांच-अधिकारियों और कर्मचारियों को उपायुक्त ने नोटिस जारी कर जवाब तलब किया है। जिन अधिकारी-कर्मचारियों को नोटिस दिया गया है, उनमें उपयंत्री पवन श्रीवास्तव, प्रभारी राजस्व उप निरीक्षक लवकुश तिवारी, समयपाल जलप्रदाय अशोक गर्ग, महेंद्र उपाध्याय का नाम शामिल है, इसके अलावा सहायक सामुदायिक विकास संगठक सनद विश्वकर्मा को भी कारण बताओ नोटिस जारी किया किया है। सभी से 24 घंटे के अंदर जवाब तलब किया गया है।

### अब तक 439 मिमी बारिश

**नवभारत, कटनी।** जिले में इस वर्ष अब तक 439.1 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। जिले में सर्वाधिक औसत वर्षा इस साल स्लीमनाबाद तहसील में दर्ज की गई है, जहां अब तक 616.6 मिलीमीटर वर्षा हुई है। जिले में इसी अवधि में पिछले साल 133.1 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई थी। इस प्रकार इस साल अब तक पिछले वर्ष की तुलना में 229.9 प्रतिशत अधिक औसत वर्षा हुई है। भू-अभिलेख अधीक्षक हर्षवर्धन रामटेके ने बताया कि जिले में अब तक कटनी तहसील में 409.6 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। जबकि तहसील रीठी में 534.2 मिलीमीटर, बड़वारा तहसील में 372 मिलीमीटर, बरही तहसील में 304 मिलीमीटर और विजयराघवगढ़ तहसील में 407.4 मिलीमीटर, बहोरीबंद तहसील में कुल 453.8 मिलीमीटर एवं स्लीमनाबाद तहसील में 616.6 मिलीमीटर तथा ढीमरखेड़ा तहसील में 413.2 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है।

### पुरस्कार के लिए 15 तक आवेदन

**नवभारत, कटनी।** शासकीय सेवाओं में नवाचार और उत्कृष्ट कार्यों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से राज्य शासन द्वारा प्रतिवर्ष मुख्यमंत्री उत्कृष्टता पुरस्कार दिया जाता है। इस पुरस्कार के लिए वर्ष 2024-25 में किए गए नवाचारों के लिए आवेदन मांगे गए हैं। आवेदन वेबसाइट के माध्यम से ऑनलाइन किये जा सकेंगे। आवेदन की अंतिम तिथि 15 जुलाई निर्धारित की गई है।

# छात्र-छात्राओं की सुविधा के लिए दी गई साईकिलें

**सरकारी माडल स्कूल की 23 छात्र-छात्राओं की गई साईकिल**




**नवभारत,उमरियापान।** स्कूल शिक्षा विभाग की नि:शुल्क साइकिल वितरण योजना के अंतर्गत सत्र 2025-26 के तहत शासकीय माडल उच्चतर माध्यमिक विद्यालय ढीमरखेड़ा में साइकिल वितरण गुरु पूर्णिमा के अवसर पर किया गया।

नि:शुल्क साइकिल वितरण विकासखंड स्तरीय कार्यक्रम के दौरान शासकीय माडल उच्चतर माध्यमिक विद्यालय ढीमरखेड़ा में जनपद अध्यक्ष सुनीता संतोष दुबे की उपस्थिति में 23 छात्र छात्राओं को तिलक लगाकर साइकिल दी गईं। छात्र-छात्राओं को अपने गांव से स्कूल आने के लिए साइकिल की सुविधा मिलने पर खुशी जाहिर की। कार्यक्रम में जनपद अध्यक्ष सुनीता संतोष दुबे ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र के छात्र-छात्राओं को सुविधाजनक रूप से स्कूल आने-जाने के लिए सरकार ने उन्हें मुफ्त साइकिल उपलब्ध करवा रही है। कार्यक्रम के दौरान जनपद अध्यक्ष सुनीता संतोष दुबे, विकासखंड शिक्षा अधिकारी लखन लाल बागरी, बीआरसी प्रेम कुमार कोरी, माडल स्कूल के प्राचार्य राम विशाल सिंह सहित स्कूल के शिक्षक, शिक्षिकाएं सहित छात्र-छात्राओं की उपस्थिति रही।

# 15 दिन में मांगे पूरी नहीं हुई तो 28 को सीएम निवास का करेंगे घेराव

**मांगों को लेकर किया प्रदर्शन, ओबीसी महासभा ने सौंपा ज्ञापन**




**नवभारत, बाकल।** ओबीसी महासभा सामाजिक गैर-राजनीतिक संगठन ने कटनी जिला कलेक्ट्रेट मुख्यालय पहुंचकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, गृह मंत्री एवं राष्ट्रीय, राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग को ज्ञापन सौंपते हुए ओबीसी समाज की मांगों के शीघ्र निराकरण की मांग की। महासभा ने स्पष्ट किया कि 15 दिनों के अंदर उनकी मांगें पूरी नहीं की गईं, तो 28 जुलाई 2025 को मुख्यमंत्री निवास का घेराव किया जाएगा। महासभा का कहना है कि देश की 50प्रतिशत से अधिक जनसंख्या वाला अन्य पिछड़ा वर्ग आज भी अपने जनसंख्या के अनुपात में संवैधानिक अधिकारों और प्रतिनिधित्व से वंचित है। स्वतंत्रता के 75 वर्षों बाद भी ओबीसी समाज को समुचित आरक्षण और अधिकार नहीं मिल पा रहे हैं। महासभा ने प्रधानमंत्री द्वारा जातिगत जनगणना की घोषणा का स्वागत करते हुए कहा कि मध्यप्रदेश सरकार द्वारा 27 प्रतिशत आरक्षण लागू नहीं किया जाना ओबीसी समाज के साथ अन्याय है। महासभा का आरोप है कि केंद्र और राज्य सरकारें ओबीसी वर्ग को सिर्फ वोट बैंक समझती हैं और उनके हक की अनदेखी कर रही हैं। यह न सिर्फ लोकतांत्रिक मूल्यों के विरुद्ध है, बल्कि संविधान की आत्मा के भी खिलाफ है। महासभा ने चेतावनी दी है कि उनकी मांगों की अनदेखी हुई, तो राजधानी भोपाल में बड़ा जनांदोलन किया जाएगा। जिन मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा गया है उसमें 2025 की प्रस्तावित जनगणना में जातिगत जनगणना कराए जाने, मध्यप्रदेश में ओबीसी वर्ग को पूर्ण 27 प्रतिशत आरक्षण लागू किए जाने, सरकारी नौकरियों में लंबित 13 प्रतिशत होल्ड ओबीसी आरक्षण हटाकर नियुक्तियां जल्द किए जाने की मांग शामिल हैं। ज्ञापन सौंपने के दौरान राकेश लोधी ओबीसी महासभा कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष, डॉ नारायण पटेल राष्ट्रीय कार्यालय सचिव, चंद्रभान बौद्ध भीम आर्मी जिला अध्यक्ष,सीताराम ओबीसी महासभा जिला अध्यक्ष, संतोष पाल ओबीसी महासभा कार्यकारी जिला अध्यक्ष, विनोद गोटिया जिला पंचायत सदस्य, प्रेमलाल केवट जिला पंचायत सदस्य, सरवन लाल चौधरी जनपद सदस्य, एके खान समाजवादी पार्टी जिला अध्यक्ष, उत्तम लोधी जनपद सदस्य सहित अन्य की उपस्थिति रही।

# कम लागत तकनीकी से अधिक उत्पादन करने की बताई विधि

**छात्रों को दिया गया जैविक खेती का प्रशिक्षण**



**नवभारत कटनी।** वीरांगना रानी दुर्गावती शासकीय महाविद्यालय बहोरीबंद में राज्य शासन के उच्च शिक्षा विभाग द्वारा विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ आत्मनिर्भर, स्वावलंबी और स्वरोजगार स्थापित करने के लिए जैविक खेती का प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ इंद्र कुमार पटेल के मार्गदर्शन, समन्वयक मंजू द्विवेदी के सहयोग से जैविक कृषि विशेषज्ञ रामसुख दुबे द्वारा दिया गया। प्रशिक्षण का शुभारंभ प्राचार्य द्वारा किया गया। प्रशिक्षण में जैविक खेती के अंतर्गत स्नातक स्तर के विद्यार्थियों को पाठ्यक्रम के अनुसार नवीन शिक्षा पद्धति के तहत सैद्धांतिक और प्रायोगिक विषयों, परीक्षा प्रणाली की जानकारी दी गई। जैविक खेती की परिभाषा के अंतर्गत बताया गया कि जैविक खेती एक ऐसी प्रणाली है, जिसमें रासायनिक खाद, कीटनाशक और हार्मोंस के प्रयोग को नकारते हुए ग्राम में उपलब्ध संसाधनों से जैविक खाद, कीटनाशक और फसल चक्र, फसल अपशिष्ट, अन्य जैविक आदान, जीवाणु खादों के प्रयोग से फसल उत्पादन किया जाता है। प्रशिक्षण के दौरान जैविक खेती की आवश्यकता रासायनिक खाद कीटनाशकों के फसलों में असंतुलित उपयोग से भूमि, मानव स्वास्थ्य और पर्यावरण को हो रहे नुकसान के विषय में भी बताया गया। साथ ही पारंपरिक खेती, जैविक खेती और रासायनिक खेती में अंतर भी बताया गया। इसके अलावा कम लागत तकनीकी से अधिक उत्पादन बढ़ाने, भूमि की उपजाऊ क्षमता में वृद्धि, जीरो बजट फार्मिंग, प्राकृतिक खेती, जैविक खेती के फायदे की तकनीकी जानकारी दी गई।

इसके अलावा भूमि की उर्वरा शक्ति में टिकाऊपन, प्रदूषण रहित कम पानी की आवश्यकता, पशुओं के महत्व की जानकारी दी गई। साथ ही फसल अवशेषों को खपाने, अच्छी गुणवत्ता की पैदावार, कृषि मित्र जीव सुरक्षित, संख्या में बढ़ोतरी के संबंध में बताया गया।

# विकसित करें अच्छी कॉलोनी, लगाएं पौधे



**पीएम आवास योजना के हितग्राहियों को दिए स्वीकृति पत्र**

**नवभारत कटनी।** मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के मुख्य आतिथ्य में शहरी विकास के क्षेत्र से जुड़े अग्रणी उद्यमियों, विषय विशेषज्ञों और जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में शुक्रवार को इन्दौर स्थित ब्रिलिएंट कन्वेंशन सेंटर में आयोजित मध्यप्रदेश ग्रोथ कॉन्क्लेव के दौरान प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी 1.0 अन्तर्गत निर्मित आवासों का गृह प्रवेश व प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी 2.0 अन्तर्गत नए आवासों के पात्र हितग्राहियों को स्वीकृति पत्र दिए गए। स्थानीय स्तर पर कार्यक्रम का सीधा प्रसारण नगर निगम के मेयर इन काउंसिल कक्ष में महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी और नगर निगम अध्यक्ष मनीष पाठक की उपस्थिति और हितग्राही सहित कर्मचारियों की मौजूदगी में वर्चुअली कार्यक्रम का सीधा प्रसारण देखा व सुना गया।

कार्यक्रम के दौरान महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा लगातार गरीबों के कल्याण का कार्य किया जा रहा है। प्रदेश सरकार और राज्य सरकार के माध्यम से संचालित जनहितकारी योजनाओं से हर वर्ग का कल्याण हो रहा है। उन्होंने लाभान्वित हितग्राहियों को स्वीकृति पत्र दिए गए। सभी को मिलकर एक अच्छी कॉलोनी विकसित करने और पर्यावरण संरक्षण के लिए अधिक से अधिक पौधारोपण किए जाने कहा गया।

नगर पालिक निगम में आयोजित कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी के द्वितीय चरण के 209 हितग्राहियों के खाते में 2.50-2.50 लाख रूपए के स्वीकृति पत्र प्रदान किए गए। वहीं प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी के प्रथम चरण के आवासों के 208 हितग्राहियों का गृह प्रवेश कराया गया।

# वार्ड में भर रहा बारिश का पानी, ग्रामीणों को रही परेशानी

**सिलौंडी के वार्ड नंबर 6 में नहीं है जल निकासी व्यवस्था**



**नवभारत उमरियापान।** जिले की ग्राम पंचायत सिलौंडी के वार्ड नंबर 6 में पानी की निकासी व्यवस्था नही होने के कारण एक दर्जन परिवारों को बहुत दिक्कत हो रही है उनके घरों में नाली का गंदा भर रहा है पूरी सड़क में गंदा पानी भर रहा है।

जिसके कारण आम्हेटा जाने वाले किसानों और राहगीरों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ग्राम के नत्थू काछी, प्रहलाद काछी, मदन काछी, रविद्र काछी ने बताया कि ग्राम पंचायत सिलौंडी को कई बार शिकायत करने के बाद भी जिम्मेदार ध्यान नहीं दे रहे हैं। जब तक पूरी तरह मलवा को हटाया नहीं जाएगा, तब तक पानी निकासी की व्यवस्था नही बन सकती है।

जलभराव की समस्या बनी रहेगी। ग्रामीणों ने सफाई कराने की मांग की है। वहीं इस मामले में सिलौंडी पंचायत सचिव देवराज धनगर का कहना है कि अभी-अभी ग्राम पंचायत सिलौंडी में नियुक्ति हुई है गांव की नाली में सफाई नही हुई तो तत्काल सफाई कर्मचारी को भेजकर सफाई करते हुए पानी निकासी की व्यवस्था बनाई जाएगी।

### फसल बीमा के लिए 31 जुलाई तक करें आवेदन

**नवभारत कटनी।** प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत खरीफ 2025 के लिए सभी कृषक संबंधित पटवारी हल्के में अधिसूचित फसलों के लिए बीमा करवा सकते हैं। फसल बीमा कराने की अंतिम तिथि 31 जुलाई निर्धारित की गई है। ऋणी कृषकों ने जिस बैंक से फसल ऋण लिया है, वे उस बैंक में अपना बीमा करवा सकते हैं। अऋणी कृषक किसान क्रेडिट कार्ड पर फसल ऋण प्रदायकर्ता बैंकों, सहकारी समितियों, किसान बैंक, जन सेवा केन्द्र , ग्राम पंचायत स्तर पर जन सेवा केन्द्र के माध्यम से फसलों का बीमा करा सकते हैं। बीमा के के लिए दस्तावेजों को आवश्यक किया गया है।

**न्यायालय तहसीलदार तहसील रीठी जिला-कटनी (म.प्र.)**

जावक क्रमांक | **सार्वजनिक नोटिस/आम इस्तहार** | रा.प्र.क्रं. 272/अ-6/2025-26

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित अनुसूची में उल्लेख अनुसार **कमल कुमार अहिरवार पिता हरगोंविद अहिरवार** ग्राम ममार तहसील रीठी जिला-कटनी द्वारा ग्राम ममार प.ह.नं.-24 स्थित भूमि ख.नं. 1/3 कुल रकवा 0.02 हे. भूमि का फौती नामांतरण कराने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है जिसको सुनवाई दिनांक 15/07/2025 को समय 11.00 बजे न्यायालय तहसीलदार रीठी परिसर में की जानी है। अतः जिस किसी संस्था/व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वह नियम दिनांक 15/07/2025 को न्यायालय में उपस्थित होकर अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है।

**— अनुसूची —**

| पटवारी हल्का क्रमांक सेक्टर क्रमांक | ग्राम/नगरीय क्षेत्र का नाम | सर्वेक्षण संख्यांक/ब्लाक/भू-खण्ड संख्याक | क्षेत्रफल/हेक्टर | विद्यमान भू-अभिलेख में अंकित धारक/धारकी का विवरण | उस व्यक्ति एवं व्यक्तियों विवरण जिनके पक्ष में |
|---|---|---|---|---|---|
| 24 | ममार | 1/3 | 0.02 हे. | हरगोंविद पिता बल्दूराम | कगल कुमार अहिरवार |
| | कुल किता | 0 | 0.02 हे. भूमि | | |

न्यायालय की मुद्रा

आज दिनांक 09/07/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्र के अधीन जारी किया गया।
पेशी दिनांक- 15/07/2025, स्थान- रीठी

**तहसीलदार रीठी**


17 वर्ष का चिकित्सकीय अनुभव

आज की जरूरत है होम्योपैथिक चिकित्सा
हो जाएं जब सब जगह से निराश Cure Zone जगाए आस

www.curezon.com

क्या आप ऐलोपैथिक, आयुर्वेदिक और होम्योपैथिक चिकित्सा पद्धति के द्वारा इलाज से उचित लाभ नहीं ले पा रहे हैं? तो आज ही अपनी विभिन्न शारीरिक एवं मानसिक परेशानियों के लिए संपर्क करे।



Dr.V.B.Khare

क्योर जोन
होम्योपैथिक क्लीनिक एवं मनोवैज्ञानिक परामर्श केन्द्र

डॉ. व्ही. बी. खरे
M.A.Psych., B.Sc. B.H.M.S.,C.C.H., P.G.D.P.C., D.N.Y.S.
(होम्योपैथिक विशेषज्ञ एवं मनोवैज्ञानिक सलाहकार)

डॉ. अनुभा खरे
B.H.M.S.,D.N.Y.S., C.C.H
(होम्योपैथिक एवं सौंदर्य विशेषज्ञ)

चर्मरोग, वात रोग, बार-बार पथरी होना, किडनी के रोग, माइग्रेन, बालो का झड़ना, बच्चों के रोग, महिलाओं के रोग, यौन रोग, लकवा, मोटापा, थाइराइड प्राब्लम, PCOD, किसी भी प्रकार की गॉठ, बवासीर एवं सभी प्रकार की शारीरिक एवं मानसिक आघात की चिकित्सा व मानसिक रोग, डिप्रेशन, तनाव आदि के उपचार के लिए संपर्क करें।

मोहन टॉकीज के पीछे, शुभ श्री टेलर के सामने, फर्स्ट फ्लोर, कटनी (म.प्र.)
फोन- 9406540935, 7067230030, 07622-408111



धर्मलोक हॉस्पिटल
A unit of Dharmlok Hospital Pvt. Ltd.
AN ISO 9001 : 2015 CERTIFIED



दूरबीन से पित्त की पथरी की सर्जरी, दूरबीन से अपेंडिक्स सर्जरी, दूरबीन से ओपन पेट की सर्जरी, उन्नत तकनीक (स्टेपलर/लेटर) के फिस्टुला सर्जरी, स्तन सर्जरी, किडनी/प्रोस्टेट/मूत्रालशय सर्जरी, मधुमेह पैर की देखभाल/सर्जरी, तीव्र और जीर्ण घाव प्रबंधन।

डॉ. राजेश बत्रा
एम.एस., एफ.एम.ए.एस., एफ.आई.ए.जी.ई.एस., एफ.ए.आई.एस.
जनरल और लैप्रोस्कोपिक सर्जन

सामान्य एवं सिजेरियन डिलीवरी, अंडेदानी की गठान, उच्च जोखिम वाली गर्भावस्था, नि:संतानता, बच्चेदानी निकालना, सफेद पानी का इलाज, गर्भवती महिलाओं की सोनोग्राफी, बार-बार गर्भपात होना, पॉलिसिस्टिक ओवेरियन डिजीज/सिंड्रोम।

आयुष्मान कार्डधारी मरीजों का एवं हेल्थ इंश्योरेंस कार्ड धारी मरीजों का नि:शुल्क इलाज किया जाता है।



डॉ. हर्षा बत्रा
एमडी (ओबीजी)
सोनोग्राफी डिप्लोमा
स्त्री, प्रसूति एवं बांझपन विशेषज्ञ

-ओपीडी-
सुबह 11:00 बजे से सायं 5:00 बजे तक

पता-आदर्श कालोनी रोड, कटनी (म.प्र.)
Ph. 07622-422390, 796084 Help line 24x7: 8305402024


मनमानी | एटीएम केन्द्र में नहीं रहे सुरक्षा गार्ड, चोरी की वारदात की आशंका

# चौराहे से हटाकर सड़क किनारे शिफ्ट किए जा रहे एटीएम, सुरक्षा पर उठे सवाल

**नवभारत कटनी।** शहर और आसपास के बैंकों और उनसे जुड़ी एटीएम संचालन एजेंसियों द्वारा सुरक्षा मानकों को दरकिनार करते हुए एटीएम मशीनों को मुख्य चौराहों से हटाकर सुनसान सड़कों के किनारे शिफ्ट किया जा रहा है। इससे आम जनता की सुविधा में तो बाधा आई ही है, साथ ही अब इन स्थानों पर एटीएम की सुरक्षा भी खतरे में पड़ गई है। ताजा मामला झुकेही कैमोर रोड का है, जहां एसबीआई जैसे प्रमुख बैंक का एटीएम, जो पहले भीड़भाड़ वाले चौराहे पर स्थित था, उसे अब एक सूनसान गली में स्थानांतरित किया जा रहा है। सबसे चौंकाने वाली बात यह है कि इस एटीएम पर सुरक्षा गार्ड की कोई नियुक्ति नहीं की गई है। ऐसे में चोरी या लूट की वारदातों की आशंका से इंकार नहीं किया जा सकता है।



स्थानीय लोगों का कहना है कि बैंकों और एटीएम संचालन करने वाली एजेंसियों द्वारा सिर्फ लागत बचाने के उद्देश्य से एटीएम को बिना सुरक्षा उपायों के इन स्थानों पर स्थापित किया जा रहा है। सुरक्षा गार्ड की नियुक्ति नहीं करना सीधा आम जनता के रूपयों से खिलवाड़ है। लागों का कहना है कि एटीएम चौराहे पर है, यहां लोग दिन-रात आसानी से रूपए निकालते है। अब सड़क किनारे एटीएम शिफ्ट किया जा रहा है। एटीएम केन्द्र में तो कोई गार्ड है और न ही सीसीटीवी कैमरे सही तरीके से कार्य कर रहे हैं। अभी जिस जगह एटीएम संचालित हो रहा है वहां से हटाकर दूसरे स्थाना में एटीएम शिफ्ट करने के पीछे एटीएम संचालन एजेंसी के साथ लेनदेन नहीं कर पाने का कारण प्रमुख है। सवाल यह भी उठता है कि क्या बैंकों और एजेंसियों के बीच कोई मिलीभगत है। जबकि एटीएम सुरक्षा के लिए गार्ड, सीसीटीवी और लोकेशन की भूमिका अहम होती है। इन मानकों का पालन नहीं किया गया तो चोरी, हैकिंग या एटीएम ब्रेकिंग जैसी घटनाएं बढ़ सकती हैं। स्थानीय नागरिकों और सामाजिक संगठनों ने जिला प्रशासन से मांग की है कि एटीएम को सुरक्षित और जनसुविधाजनक स्थान पर रहने दिया जाए। गार्ड की नियुक्ति अनिवार्य की जाए।